VIDYA SHREE ACADEMY
SR. SEC. SCHOOL
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce
W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 80589998
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur

Class 8 Subject Hindi. Topic ch कारक

अभ्यास-कार्य (Exercise)

बहुविकल्पात्मक प्रश्न (Multiple Type Questions)

1. 'राजू ने लाठी से साँप मार दिया।' इस वाक्य में 'लाठी से' है :
   (अ) कर्म कारक (ब) करण कारक (स) अपादान कारक
2. "छात्र पुस्तक पढ़ रहे हैं।" वाक्य में 'पुस्तक' है :
   (अ) कर्म कारक (ब) करण कारक (स) अपादान कारक

Scanned with CamScanner

3. 'श्याम ने भोजन कर लिया।' वाक्य में 'श्याम' है :
(अ) कर्म कारक (ब) करण कारक (स) कर्ता कारक (द) सम्बन्ध कारक।

4. 'राकेश घोड़े से गिरता है।' वाक्य में 'घोड़े से' है :
(अ) करण कारक (ब) सम्प्रदान कारक (स) अपादान कारक (द) सम्बन्ध कारक।

5. 'देवकीनन्दन महेश को भोजन देता है।' वाक्य में 'महेश को' है :
(अ) करण कारक (ब) सम्प्रदान कारक (स) अपादान कारक (द) सम्बन्ध कारक।

उत्तर– 1. (ब), 2. (अ), 3. (स), 4. (स), 5. (ब)।

रिक्त स्थानों की पूर्ति (Fill in the blanks)

(1) पत्ता पेड़ .... गिरा।
(2) बिल्ली मेज .... बैठी है।
(3) पक्षी .... में उड़ते हैं।
(4) .... भगवान रक्षा करो।
(5) कारक के आठ .... होते हैं।

उत्तर– (1) से, (2) पर, (3) आकाश, (4) हे ! (5) भेद।

लघुत्तरात्मक एवं निबंधात्मक प्रश्न (Short Answer and Long Answer Type Questions)

1. कारक किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित बताइए।

उत्तर– संज्ञा के सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य में प्रयुक्त अन्य शब्दों के साथ उसका संबंध ज्ञात होता है, उसे 'कारक' कहते हैं। दूसरे रूप में हम कह सकते हैं कि वाक्य में प्रयुक्त क्रिया से जो संबंध 'संज्ञा' या 'सर्वनाम' शब्दों का होता है, उसे बताने वाला 'कारक' कहलाता है, जैसे– मोहन कुर्सी पर बैठा है। इस वाक्य में मोहन और कुर्सी संज्ञा हैं, 'पर' कारक चिह्न अधिकरण कारक का है।

2. हिंदी कारकों के कितने प्रकार हैं, उनके चिह्नों को भी बताइए।

उत्तर– हिंदी भाषा में आठ प्रकार के कारक होते हैं। इनके चिह्न निम्न प्रकार हैं :
1. कर्त्ता– ने 2. कर्म–को 3. करण–से 4. संप्रदान–के लिए 5. अपादान–से 6. संबंध–का, के, की 7. अधिकरण–में, प
8. संबोधन–हे, अरे, ओ।

3. विभक्ति किसे कहते हैं? इनका प्रयोग कहाँ किया जाता है ?

उत्तर– कारक को प्रकट करने के लिए संज्ञा या सर्वनाम के साथ जो चिह्न लगाया जाता है, उसे विभक्ति कहते हैं। ये कारकों की संख्या के अनुसार आठ ही होते हैं। जैसे– कर्ता– ने प्रथमा, कर्म- को द्वितीया, करण-से तृतीया, संप्रदान–के लिए चतुर्थी, अपादान से (पृथक होने के) पंचमी, संबंध-का, के, की छठी, अधिकरण में, पर सातवीं, सम्बोधन हे, अरे, ओ आठवीं विभक्ति

4. रेखांकित शब्दों में प्रयुक्त कारक का नाम बताइए :
(1) गीता ने कहा, "माँ, सब साधनों से सुख नहीं मिलता।"
(2) माँ ने पुत्र के लिए भोजन बनाया।
(3) दूल्हा घोड़ा पर बैठा था।
(4) पीपल के पेड़ से पत्ता गिरा।

उत्तर–
1. गीता ने – कर्ता कारक
   साधनों से – करण कारक
2. पुत्र के लिए – संप्रदान कारक
3. दूल्हा – कर्ता कारक
   घोड़ी पर – अधिकरण कारक
4. पेड़ से – अपादान कारक।

Scanned with CamScanner